'गंगा की सेवा है पीएम को मिले उपहारों की ई-नीलामी'

एनबीटी, नई दिल्ली: जल शक्ति राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट में मिले उपहारों की ई-नीलामी के तीसरे दौर की समीक्षा की। ये ई-नीलामी 17 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच वेब पोर्टल www.pmmementos.gov.in के माध्यम से की जा रही है। इसके जरिये करीब 1348 स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी की जा रही है। इसमें तोक्यो पैरालंपिक खेलों और ओलिंपिक खेलों के विजेताओं की ओर से पीएम को दिए गए उपहार शामिल हैं। पटेल ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने मिलने वाले सभी उपहारों को गंगा नदी के संरक्षण के नेक काम यानी नमामि गंगे के लिए नीलाम करने का फैसला किया है। ई-नीलामी आम जनता को न केवल पीएम को उपहार में दी गई अमूल्य स्मृतियों को रखने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि गंगा के संरक्षण के लिए योगदान देने का भी अवसर भी मुहैया कराती है।



मंत्री प्रह्लाद पटेल ने की समीक्षा।